पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 1, 1945
सोमवार, 23 अक्टूबर, 2023

एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर ने अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला; इस पद को संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं

एयर मार्शल साधना एस नायर ने अक्टूबर 23,2023 को डीजीएएफएमएस के कार्यालय में महानिदेशक अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) का पदभार ग्रहण किया, एयर मार्शल के पद पर पदोन्नति पर पद संभालने वाली पहली महिला बनीं। इस नियुक्ति से पहले, वे एयर ऑफिसर मुख्यालय प्रशिक्षण कमान (वायु सेना), बेंगलुरु में प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) का पदभार संभाल रही थीं ।

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे से स्नातक, एयर मार्शल साधना एस नायर को दिसंबर 1985 में भारतीय वायु सेना में कमीशन किया गया था। उनके पास फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री है और उनका एम्स, नई दिल्ली में मेडिकल इंफॉर्मेटिक्स में दो साल का प्रशिक्षण हुआ है। उन्हें इजरायली रक्षा बलों के साथ सीबीआरएन युद्ध और स्विट्जरलैंड में सैन्य चिकित्सा नैतिकता में भी प्रशिक्षित किया गया था। वह पश्चिमी वायु कमान और प्रशिक्षण कमान की पहली और एकमात्र महिला प्रधान चिकित्सा अधिकारी हैं।

उनकी सराहनीय सेवा के लिए उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा एओसी-इन-सी (डब्ल्यूएसी) और सीएएस प्रशंसा के साथ-साथ विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने पिछले सात दशकों में भारतीय वायुसेना में सेवा की है।

एबीबी/एसएस